संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय) :(क)जी नही :

(ख) प्रश्न ही नही उठता ।

(ग) (i) जब कोई तार पाने वाला व्यक्ति किसी तारघर के मुक्त वितरण क्षेत्र के बाहर रहता है, और यदि तार भेजने वाले ने उस तार की डिलीवरी विशेष सदेशवाहक के जरिए करने के लिए ढुलाई शुल्क अदा न किया हो, तब वह तार (भारतीय तार नियम 84 के अनुसार) पाने वाले के पास डाक से भेज दिया जाता है ।

तारो का इस प्रकार निपटारा कम से कम किया जाए, इस के लिए देहाती इलाको में अधिक से अधिक तारघर खोले जा रहे हैं ।

(ii) जहां कही यातायात की दृष्टि से औचित्य सिद्ध होता है, मार्ग मे लगने वाला समय कम करने के लिए सीधे मार्गों की व्यवस्था की जा रही है ।

उत्तर प्रदेश में काटे गये टैलीफोन कनेक्शनो को बहाल किया जाना

5964. **श्री गंगा भक्त सिंह** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेगे कि

(क) क्या आपात स्थिति के दौरान राजनीतिक कारणो मे काटे गय टैलीफोन कनेक्शनो को अब तक बलहा नही किया गया है ;

(ख) यदि हा, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) उत्तर प्रदेश मे ऐसे टैलीफोन कनेक्शनो की संख्या क्या है जिन्हे अभी बहाल किया जाना है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय) : (क) से (ग). उत्तर प्रदेश मे केवल एक टैलीफोन कनेक्शन को छोड कर बाकी सभी टैलीफोन कनेक्शन दुबारा चालू कर दिए गए हैं । संबंधित पार्टी उपलब्ध नही है ।

दिल्ली मे ईंट के भट्टो में काम कर रहे बन्धुआ श्रमिक

5965. **श्री ओम प्रकाश त्यागी** : क्या संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि दिल्ली और इसके आस-पास 350 ईंट के भट्टो मे लगभग 50,000 श्रमिक बन्धुआ श्रमिको के रूप मे कार्य कर रहे है ,

(ख) क्या सरकार ने इस तथ्य की जांच कर ली है, और

(ग) यदि हा, तो उसका ब्यौरा क्या है और उन्हे मुक्त कराने के लिए क्या कार्यवाही की गयी है ?

श्रम तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री लारंग साय) : (क) से (ग). दिल्ली प्रशासन ने, जिसका ध्यान इस मामले की ओर दिलाया गया था, सूचित किया है कि उनकी सूचना के अनुसार दिल्ली के संघ राज्य क्षेत्र मे बधित श्रमिको का कोई मामला नही है और न ही बधित श्रम पद्धति (उत्सादन) अधिनियम, 1976 के उपबधो के उल्लघन की कोई सूचना मिली है ।

Visit of Vice-President of Korea

5966. SHRI G. M BANATWALLA:
SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK:

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Vice-President of Democratic People's Republic of Korea